लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 296

02 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्र मूल्य शृंखला

296. श्री विष्णु दत्त शर्मा:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार एकीकृत अवसंरचना के माध्यम से वस्त्र मूल्य शृंखला को सुदृढ़ करने के लिए, विशेषकर मध्य प्रदेश में पीएम मित्र (प्रधान मंत्री मेगा इंटीग्रेटेड टेक्सटाइल रीजन एंड अपैरल) पार्क योजना को कार्यान्वित कर रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि हां, तो क्या खजुराहो लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के कटनी, पन्ना या खजुराहो शहर में पीएम मित्र पार्क स्थापित करने के लिए कोई प्रस्ताव या अनुमोदन विद्यमान है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और स्थानीय उद्योग और रोजगार पर इसका क्या प्रभाव पड़ना अपेक्षित है;

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) क्या इस योजना के अंतर्गत भावी विकास के लिए इन क्षेत्रों पर विचार करने हेतु कोई कदम उठाए जा रहे हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री पबित्र मार्घेरिटा)

(क) से (ङ): निवेश को आकर्षित करने, रोजगार सृजन को बढ़ावा देने और वैश्विक बाजार में भारतीय वस्त्र क्षेत्र को मजबूती से स्थापित करने की दृष्टि से, सरकार ने वर्ष 2021-22 से 2027-28 की अवधि के लिए 4,445 करोड़ रुपये के परिव्यय से प्लग और प्ले सुविधा सहित विश्व स्तरीय अवसंरचना के साथ ग्रीनफील्ड/ब्राउनफील्ड साइटों में 7 (सात) पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्क स्थापित करने की मंजूरी दी है।

मंत्रालय को मेगा टेक्सटाइल पार्कों की स्थापना के लिए 13 राज्यों से 18 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं और पीएम मित्र पार्क की स्थापना के लिए मध्य प्रदेश (धार) सहित 7 स्थलों को अंतिम रूप दिया है। अन्य चयनित स्थलों में तेलंगाना (वारंगल), गुजरात (नवसारी), कर्नाटक (कलबुर्गी), तमिलनाडु (विरूद्धनगर), उत्तर प्रदेश (लखनऊ) और महाराष्ट्र (अमरावती) शामिल हैं।

माननीय प्रधानमंत्री ने दिनांक 17 सितंबर 2025 को पीएम मित्र पार्क मध्य प्रदेश, धार की आधारशिला रखी। पार्क के लिए 2063 करोड़ रुपये की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को अनुमोदित किया गया है। अब तक 14099 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। वर्तमान में, उपर्युक्त पार्कों के अलावा, नए पीएम मित्र पार्क स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

***